हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 27 मई 2026

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]


तापमान

अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री


4 कृषि विभाग की समीक्षा, किसानों को खाद-बीज उपलब्ध कराने के निर्देश




## खबर संक्षेप

### शराब बेचने वाले आरोपी को 1 वर्ष का सश्रम कारावास

**रायगढ़।** घरघोड़ा न्यायालय ने अवैध शराब की बिक्री के प्रकरण में आरोपी कन्हैया लाल डनसेना को दोषी करार देते हुए 1 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा के साथ ही 25 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायायल का यह फैसला अपराध कायम होने के महज 2 माह बाद आया है।

इस प्रकरण के संबंध मिली जानकारी के अनुसार 15 मार्च को ग्राम घरघोड़ी में घरघोड़ा पुलिस टीम ने छापेमारी करते हुए अवैध शराब बिक्री करते हुए कन्हैया लाल डनसेना को पकड़ा आरोपी के पास से 70 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस प्रकरण में न्यायालय द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों एवं दोनों पक्षों की दलीलों का परीक्षण कर आरोपी के कब्जे से 70 लीटर महुआ शराब की जप्ती प्रमाणित पाई गई तथा आरोपी को धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत दोषी ठहराते हुए 1 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 25 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

### आरोपी को 5 वर्ष का सश्रम कारावास

**कटेली।** न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश सारंगढ़ के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश अमित राठौर के न्यायालय में थाना सारंगढ़ के विशेष आपराधिक प्रकरण पॉक्सो एक्ट से संबंधित में आरोपी संजय कुमार साहू पिता नंदलाल साहू 31 निवासी उजियारपुर चौकी नागपुर थाना पोंडी जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर छग को 5 साल का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। प्रार्थी शिकायतकर्ता की पत्नी और उसके अप्राप्तवय बच्ची के चेहरे की तस्वीरों को अश्लील फोटोग्राफ में एडिट कर मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से फेसबुक व्हाट्सएप के द्वारा प्रदर्शित एवं प्रेषित कर इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा पीड़ित का यौन उत्पीड़न करने और क्षोभ कारीत करने से उक्त घटना की थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। जिस पर थाना सारंगढ़ मे अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। पीडित बालिका की उम्र 16 वर्ष से कम होने पर प्रकरण लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 का पाये जाने से माननीय अपर सत्र न्यायाधीश सारंगढ़ के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश सारंगढ़ द्वारा मामले का त्वरित विचारण कर सभी साक्ष्यों एवं गवाहों के बयान पर विचार करने के बाद आरोपी को धारा 509 ख के तहत 2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया है। लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 14 में 5 वर्ष व धारा 15 में 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 67 में 2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माना एवं सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 67 क में 4 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माना एवं सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 67 ख में 4 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माना से दंडित किया गया है।

## सिलेंडर नहीं मिला तो परिवार के पालन-पोषण में आने लगी दिक्कत, अपनाया देसी जुगाड़

# कमर्शियल गैस की किल्लत और महंगाई से त्रस्त चाय वाले ने इजाद किया देसी जुगाड़

**चार दशकों से चाय की दुकान चलाने वाले शौकी लाल का व्यवसाय अब केवल 100-150 खर्च में चल रहा**

प्रतीक मिश्रा ⏭ रायगढ़

अलग खबर

गांधीगंज में शौकीलाल चौहान पिछले करीब 4 दशकों से चाय का ठेला लगाते हैं। पहले वे कमर्शियल गैस सिलेंडर का उपयोग कर बनाकर बेचते थे, लेकिन वर्तमान में सिलेंडर की किल्लत की वजह से उनका व्यवसाय पूरी तरह से प्रभावित हो रहा था। ऐसे में परिवार के पालन-पोषण में परेशानी आने लगी। इस तरह के हालात निर्मित होने के बाद उनको घर-परिवार चलाने की जद्दोजहद करनी पड़ी। ऐसे में उन्होंने कई जतन करने के बाद आखिरकार चाय बनाने का एक अनोखा तरीका अपनाया। उन्होंने धातु पिघलाने वाले हैंड ब्लोअर को ही अपना चूल्हा बना लिया और अब वे महज 100 रूपए के कोयले से ही दिन भर चाय बनाकर लोगों को बेचते हैं और अपना व्यवसाय चलाते हैं।

हरिभूमि से बातचीत के दौरान शौकीलाल चौहान ने बताया कि वे पतरापाली पूर्व में रहते हैं और रोजाना गांधीगंज में आकर अपना चाय का ठेला लगाते हैं। वे करीब 4 दशकों से यह व्यवसाय कर रहे हैं, इसी व्यवसाय के बदौलत वे अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। कुछ समय पहले जब कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में इजाफा हुआ और सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर मारामारी चल रही थी, तब शौकीलाल भी इससे प्रभावित हुए। चूंकि वे कमर्शियल सिलेंडर से ही चाय बनाते और बेचते थे, तब सिलेंडर सस्ता था और आसानी से मिल जाता था। जब हालात बिगड़े तो सिलेंडर खत्म होने के बाद उन्होंने कई बार चक्कर काटा, लेकिन सिलेंडर नहीं मिला और यदि मिल भी जाता तो दोगुनी कीमतों पर। तब उन्होंने अपने व्यवसाय के लिए कुछ अलग व्यवस्था करने की सोची। पहले तो उन्होंने इलेक्ट्रिक चूल्हा लगाने का सोचा, लेकिन बिजली बिल और उसकी सही व्यवस्था नहीं होने की वजह से यह तरकीब काम नहीं आई, लकड़ी वाला चूल्हा लगा नहीं सकते थे क्योंकि ठेले में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं थी और फिर रोजाना लकड़ी लेकर आना एक अलग की चुनौती थी। इसी बीच एक दिन वह ऐसी व्यवस्था करने की सोच रहे थे जो हमेशा काम आए, फिर उन्होंने धातुओं को पिघलाने वाले हैंड ब्लोअर लगाने का सोचा।



**कई जतन किए, लेकिन समाधान नहीं निकला, तब अपनाया यह जुगाड़**

### शौकीलाल की देशी जुगाड़ की हो रही तारीफ

शौकीलाल की चाय की दुकान पर चाय पीने आने वाले उनके ग्राहक भी उनकी इस अनोखे देशी जुगाड़ को देख उनकी तारीफ कर रहे हैं। उनके ग्राहकों ने भी जब पहली बार इस ब्लोअर से उन्हें चाय बनाते देखा तो वे भी अचंभित हो गए। धातुओं को पिघलाने के लिए उपयोग किए जाने वाले ब्लोअर से चाय बनाने वाले शौकीलाल पूरे जिले में पहले व्यक्ति हैं। ऐसे में उनके बारे में जिसने भी सुना एक बारगी अचंभित होए बिना न रहा।

### ऐसे करता है काम

शौकीलाल ने बाजार जाकर एक हैंड ब्लोअर खरीदा और उसमें करीब 1 फीट की स्टील की चादर की पाइपनुमा सरंचना बनवाई, जिसको सीधे मिट्टी के चूल्हे से जोड़ा गया। इस चूल्हे के नीचे कोयला डालकर इसमें हैंड ब्लोअर से हवा की जाती है। इससे कोयला सुलगता रहता है और जरूरत के अनुसार इसकी तपीश को कम या ज्यादा किया जाता है। शौकीलाल ने इस तरकीब के साथ कुछ दिनों तक ऐसे ही लोगों को चाय बना कर पिलाते रहे और आखिकार उनकी यह तरकीब काम कर गई और अब दिन भर में सिर्फ 100 से 150 रुपए के कोयले का उपयोग कर वे उतनी आय अर्जित कर रहे हैं, जितना कि एक कमर्शियल सिलेंडर से करते थे। फर्क इतना है कि अब उन्हें अपना व्यवसाय चलाने के लिए सिलेंडर पर निर्भर नहीं होना पड़ रहा है।

### पहले सोनार और लोहार करते थे ब्लोअर का उपयोग

बता दें कि पहले सोनार और लोहार धातुओं को गलाने और लोहे को गरम करने के लिए इस तरह के ब्लोअर का उपयोग करते थे। चूंकि धातुओं को पिघालने के लिए धीमी ऊष्मा की आवश्यकता होती थी, इसी वजह से वे जरूरत के अनुसार ब्लोअर के हैंडल से इसकी ऊष्मा को नियंत्रित करते थे। धीरे-धीरे इलेक्ट्रीक भट्ठा और अन्य आधुनिक तकनीकी का उपयोग होने लगा तो इस देशी जुगाड़ का भी अस्तित्व लगभग खत्म हो गया था, लेकिन यही देशी जुगाड़ अब जीविकोपार्जन का एक माध्यम बन गया है। ऐसे में इसका चलन पहले के मुकाबले काफी कम हो गया है।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 साल कारावास

**रायगढ़।** नाबालिग से शादी का झांसा देकर उसे बहला फुसला कर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में न्यायालय ने 24 वर्षीय आरोपी युवक को 20 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

इस प्रकरण के संबंध में लोक अभियोजक गोविंद नारायण दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि नाबालिग की मां ने 25 अगस्त 2025 को पुसौर थाने पहुंच कर अपनी नाबालिग बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता की मां ने बताया कि वे दोनों पति पत्नी रोजी मजदूरी करने के लिए गए थे, इसी बीच पीड़िता अपनी भाभी के साथ घर पर ही थी। किंतु पीड़िता अपनी भाभी से दुकान जाने की बात कहते हुए घर से निकली और वापस नहीं लौटी। इधर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने नाबालिग की पतासाजी शुरू की। इसी बीच 27 अगस्त को पीड़िता के पिता पीड़िता को थाने लेकर पहुंची, तब पुलिस ने उससे पूछताछ की। पूछताछ में पीड़िता ने बताया कि गेरवानी निवासी बुधनाथ उर्फ विजय चौहान पिता ललितराम चौहान उसे शादी का झांसा देकर बहला फुसला कर अपने घर ले गया था, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक को भी उसके घर से गिरफ्तार किया। पूछताछ में युवक ने अपना जुर्म कबूल किया, जिसके बाद न्यायालय में पेश किया गया। जहां न्यायालय ने उसे नाबालिग के दुष्कर्म का दोषी मानते हुए 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई।

# जंगल में मिली 17 वर्षीय युवक की लाश हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया थाना क्षेत्र में एक 17 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में जंगल में लाश मिली है। पुलिस, फॉरेसिंक और डॉग स्क्वाड की टीम मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच में मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने मामले में दो संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को बरभौना जंगल की ओर गए ग्रामीणों ने एक युवक का शव पड़ा देखा। घटना की खबर फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर खरसिया पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इसके साथ ही डॉग स्क्वाड और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य एकत्र करने में लग गई। जांच के दौरान मृतक की पहचान भरभौना निवासी शिव राठिया 17 वर्ष के रूप में हुई। पुलिस को युवक के शरीर पर अंदरूनी चोटों के निशान मिले हैं। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि किसी विवाद के बाद युवक की हत्या की गई होगी। पुलिस डॉग 'रूबी' को घटनास्थल से मिले साक्ष्य सूंघाए गए। जांच के दौरान डॉग रूबी 2 युवकों के पास जाकर रुकी, जिसके बाद पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई पूरी कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पुलिस हर पहलू से इस मामले की जांच में जुट गई है।



संदेहियों से की जा रही पूछताछ

> बरभौना जंगल में एक नाबालिग की लाश बरामद की गई है। डॉग स्क्वाड की सहायता से दो संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। फिलहाल शरीर पर लगे जख्मों से हत्या की आशंका हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की वजह सामने आएगी।
>
> **सीताराम ध्रुव,** थाना प्रभारी, खरसिया थाना

# जनरल और स्लीपर कोच में भट्टी जैसी गर्मी सफर के दौरान बिगड़ रही यात्रियों की तबीयत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भीषण गर्मी और तपती धूप ने ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं। खासकर जनरल और स्लीपर कोच में सफर कर रहे लोग उमस, भीड़ और गर्म हवाओं के बीच परेशान नजर आ रहे हैं। बाहर का तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच चुका है, जबकि कोच के भीतर भीड़ और बंद माहौल के कारण यात्रियों को 45 डिग्री से अधिक गर्मी महसूस हो रही है।

रायगढ़ रेलवे स्टेशन पर दोपहर के समय हालात बेहद खराब दिखाई दिए। जनरल कोचों में इतनी भीड़ थी कि यात्रियों को खड़े रहने तक की जगह नहीं मिल रही थी। हालत यह रही कि कई लोग घंटों तक एक ही जगह बैठे रहे, क्योंकि सीट छोड़ते ही दोबारा जगह मिलने की उम्मीद खत्म हो जाती है। सबसे ज्यादा परेशानी पानी को लेकर सामने आई। कई यात्री सीट छिन जाने के डर से कोच से नीचे उतरने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। ऐसे में वे खिड़कियों से बाहर खड़े लोगों से बोतल भरवाने की गुजारिश करते नजर आए। वहीं जो लोग खुद पानी नहीं भर पा रहेए वे स्टेशन पर महंगे दामों में पानी खरीदने को मजबूर हैं। गर्मी और उमस का असर यात्रियों की सेहत पर भी दिखाई देने लगा है। लंबे सफर के दौरान चक्कर आना, बेचैनी, घबराहट और डिहाइड्रेशन जैसी शिकायतें आम हो गई हैं। बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह सफर सबसे ज्यादा कठिन साबित हो रहा है। कई यात्री चेहरे पर गमछा और कपड़ा बांधकर लू से बचने की कोशिश कर रहे हैं।



### तपते डिब्बों में बदले जनरल व स्लीपर कोच

सिर्फ जनरल कोच ही नहीं स्लीपर क्लास के यात्री भी राहत महसूस नहीं कर पा रहे। दोपहर से लेकर देर रात तक चलने वाली गर्म हवाओं ने स्लीपर कोच को भी तपते डिब्बों में बदल दिया है। दानापुर से रायपुर जा रहे यात्री अनुज कुमार ने बताया कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक कोच के अंदर बैठना बेहद मुश्किल हो जाता है। पंखों से आने वाली हवा भी गर्म महसूस होती है और बार.बार पानी पीने के बाद भी गला सूखता रहता है। यात्रियों का कहना है कि स्लीपर कोच की खिड़कियों से आने वाली सीधी धूप अंदर का तापमान और बढ़ा देती है। ऐसे में लोग खिड़कियां बंद कर और चेहरा ढंककर सफर करने को मजबूर हैं। लगातार बढ़ती गर्मी ने ट्रेन का सफर यात्रियों के लिए राहत की बजाय परीक्षा बना दिया है।

# मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में 6 फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़ ।** चक्रधरनगर पुलिस ने मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में 6 फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। जिसमें मैरिज गार्डन के पास युवक से मारपीट मामले में फरार आरोपी तरणजीत भाठिया और बबलू महंत भी शामिल हैं। चक्रधरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिछले वर्ष 24-25 मई की रात विजयम उत्सव मैरिज गार्डन के पास युवक के साथ मारपीट की घटना हुई थी। जिसके संबंध में पीड़ित युवक ने चक्रधरनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस दौरान युवक ने बताया था कि 24 मई को वह अपनी दीदी के घर ग्राम लामीदरहा गया था। जहां से रात्रि लगभग 1:30 बजे लौटते समय विजयम उत्सव मैरिज गार्डन के पास कुछ लड़कों ने मोटरसाइकिल एवं स्कूटी से उसका रास्ता रोक लिया। आरोपियों में तरणजीत सिंह पिता रविन्द्र सिंह भाठिया, बबलू दास महंत पिता स्व० शंभू दास महंत, मनीष बिहारी, अंकुल ठाकुर एवं अन्य साथी शामिल थे। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए हथियारों से उसके साथ मारपीट की। ऐसे में वह किसी तरह जान बचाकर मौके से भागा और अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित की शिकायत के आधार पर चक्रधरनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई। घटना के बाद से आरोपी गिरफ्तारी के डर से फरार थे। इसी बीच 20 फरवरी की रात मारपीट में शामिल आरोपी अंकुल ठाकुर उर्फ अंशुल ठाकुर को तथा 9 मार्च को आरोपी मनीष सिंह उर्फ बिहारी बाबू निवासी लेबर कॉलोनी को भी चक्रधरनगर पुलिस ने शहर में घूमते देखा, जिसके बाद आरोपियों की घेराबंदी करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। वहीं दूसरी ओर इस मामले के मुख्य आरोपी तरणजीत सिंह और बबलू दास महंत की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी, इसी बीच पुलिस को आरोपियों के बारे में जानकारी मिली और उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले के भी आरोपी गिरफ्तार

### जामपाली समपार मरम्मत कार्य के लिए रहेगी बंद

**रायगढ़।** रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत भूपदेवपुर, रॉबर्टसन स्टेशन के मध्य किमी 608/18.20 पर स्थित मानव सहित समपार संख्या 303 जामपाली फाटक को दिनांक 28 और 29 मई को सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक वार्षिक मरम्मत कार्य के लिए सड़क यातायात के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है।

## रेल परियोजनाओं से लेकर अन्य कार्यों में लग रहा काफी मात्रा में डीजल

# सरकारी परियोजनाओं के लिए भी नहीं मिल रहा डीजल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

डीजल-पेट्रोल की किल्लत से आम लोग परेशान तो हो ही रहे हैं, अब तो हालात यह है कि सरकारी परियोजनाओं के लिए भी डीजल नहीं मिल रहा है। ठेकेदार लगा सरकारी कार्यालयों का चक्कर लगा रहे हैं।

रेल परियोजनाओं से लेकर अन्य सरकारी कार्यों में काफी मात्रा में डीजल की जरुरत पड़ती है। उनको अब परेशान होना पड़ रहा है। खासकर शहर से दूर जिन परियोजनाओं का काम चल रहा है वहां काफी दिक्कत हो रही है। इन परियोजनाओं के लिए प्रशासन की ओर से कंज्यूमर पेट्रोल पंपों से डीजल की व्यवस्था तो की जा रही है, लेकिन वह भी नाकाफी है। दूसरी ओर इस सिस्टम में भी कई तरह की परेशानियां आ रही है। कुल मिलाकर सरकारी परियोजनाएं भी डीजल की किल्लत से प्रभावित होने लगी हैं।

जिले के खरसिया, रायगढ़ समेत अन्य ब्लॉकों में कई सरकारी प्रोजेक्ट का काम चल रहा है। सभी परियोजनाओं में भारी वाहनें चल रही हैं। इन वाहनों को चलाने के लिए डीजल की जरुरत है। शहर की परियोजनाओं में संचालित वाहनों में डीजल पर्याप्त मात्रा में मिल रहा है, लेकिन दूर-दराज में चल रहे काम में लगे वाहनों को डीजल नहीं मिल पा रही है। जानकारी मिली है कि इसमें सबसे ज्यादा रेल परियोजनाएं प्रभावित हो रही है। दूर दराज में संचालित कंज्यूमर पेट्रोल पंपों में सीमित मात्रा में डीजल की आपूर्ति हो रही है। अभी किसानों को भी डीजल की जरुरत पड़ रही है, लेकिन उनको भी इस किल्लत से जुझना पड़ रहा है। इस तरह के हालात निर्मित होने से सरकारी परियोजनाओं में चलने वाली वाहनों को पर्याप्त डीजल नहीं मिल पा रही है। इससे काम प्रभावित हो रहा है। इन परियोजनाओं का काम करने वाली एजेंसियों के प्रतिनिधि प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं।



### अरबों का प्रोजेक्ट


जिले में काफी बड़े प्रोजेक्ट चल रहे हैं। इसमें सबसे बड़े तो रेल परियोजनाएं हैं। इसके अलावा राज्य शासन की अनेक परियोजनाएं संचालित है। इसका निर्माण भी काफी तेजी से हो रहा है, लेकिन अब डीजल संकट से प्रभावित होने लगी है। हालांकि कहीं न कहीं से डीजल की व्यवस्था कर रहे हैं, लेकिन उनको ज्यादा कीमत चुकानी पड़ रही है। इससे प्रोजेक्ट लागत बढ़ने के आसार नजर आ रहे हैं।






# वेलकम टू द जंगल का नया गाना घिस-घिस...

**मुंबई।** अक्षय कुमार अपकमिंग फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच फिल्म का नया गाना 'घिस घिस घिस' रिलीज हुआ है। नए गाने में देखा जा सकता है कि अक्षय भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह के साथ डांस कर रहे हैं। वह शॉर्ट कुर्ता और पजामा में हैं। उनके बाल बड़े हैं और उन्होंने हल्की दाढ़ी रखी है। वहीं अक्षरा सिंह साड़ी में नजर आ रही हैं। गाना भोजपुरी अंदाज में फिल्माया गया है। गाने के बोल भी भोजपुरी में हैं। अक्षय कुमार और अक्षरा सिंह ने गाने पर शानदार डांस किया है। गाने के बोल अभिनव शेखर ने लिखे हैं। इसे विक्रम मोंट्रोस और सुप्रिया पाठक ने आवाज दी है।



लाइफ Style

# अनन्या

## चांद मेरा दिल में भरतनाट्यम पर छिड़ी बहस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनन्या पांडे की हालिया फिल्म 'चांद मेरा दिल' के एक डांस सीक्वेंस ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है, लेकिन शायद उन कारणों से नहीं जिनकी फिल्ममेकर्स ने उम्मीद की होगी। 22 मई को रिलीज हुई फिल्म की एक छोटी क्लिप तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, जिससे मीम्स, आलोचनाओं और भरतनाट्यम को लेकर अलग-अलग राय की बाढ़ आ गई।


लोग कह रहे हैं कि अनन्या ने क्लासिकल डांस के साथ ये क्या कर दिया है। फिल्म में अनन्या पांडे चांदनी का किरदार निभा रही हैं, जो इंजीनियरिंग की स्टूडेंट होने के साथ-साथ भरतनाट्यम डांसर भी हैं। इस सीक्वेंस में उन्हें एक डांस करते हुए दिखाया गया है जो देखकर लक्ष्य इंप्रेस हो जाते हैं। जहां कुछ दर्शकों ने इस डांस की तारीफ की, वहीं कई ऑनलाइन यूजर्स ने इसकी कड़ी आलोचना की। यह चर्चा तब और बढ़ गई जब एक यूजर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह डांस शेयर करते हुए लिखा, 'भरतनाट्यम 200 एडी में ही पतन की ओर चला गया और अनन्या पांडे के साथ 2026 में इसका अंत हो गया।' कई लोगों ने क्लासिकल डांस की मुद्राओं पर भी सवाल उठाया। एक ने लिखा- हमारी संस्कृति का अपमान है ये, मुद्राओं को रोबोटिक कर दिया है। पोस्ट तेजी से वायरल हो गई और लोगों के रिएक्शन्स की बाढ़ आ गई। एक ने कमेंट किया- भरतनाट्यम का विकास हो गया है। दूसरे ने लिखा- वे अनन्या पांडे के डांस करने की क्षमता को छिपाने की इतनी कोशिश कर रहे हैं कि अब तो यह बहुत शर्मनाक लगता है। एक यूजर ने मजाक में कहा- क्या कोई उस हीरो की नब्ज चेक कर सकता है? आलोचना यहीं नहीं रुकी।

हॉलीवुड मसाला



# फिर से लौट रहा हाउस ऑफ द ड्रैगन...

**लॉस एंजिल्स।** एचबीओ मैक्स ने एक टीजर वीडियो के जरिए प्लेटफॉर्म ने अपने बड़े प्रोजेक्ट्स की झलक दिखाई, जिसमें पुराने हिट शोज की वापसी, नई फ्रेंचाइज और कई दिलचस्प ओरिजिनल कंटेंट शामिल हैं। यह साफ है कि एचबीओ मैक्स आने वाले साल में बड़े पैमाने पर एंटरटेनमेंट देने की तैयारी में है। सबसे बड़ी खबर हाउस ऑफ द ड्रैगन के तीसरे सीजन की है, जो 21 जून को रिलीज होगा। इस सीजन में टार्गेरियन परिवार की सत्ता की लड़ाई और भी तेज होती दिखाई देगी, जो पहले से ही दर्शकों के बीच काफी पॉपुलर है।



# जेम्स बॉन्ड के दौड़ में कभी था ही नहीं : एल्बा

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर जासूस जेम्स बॉन्ड पर बनी फिल्मों में अब तक कई अभिनेताओं ने मुख्य किरदार निभाया है। अब बॉन्ड पर बन रही अगली फिल्म में मुख्य किरदार की कास्टिंग को लेकर कई खबरें सामने आ रही हैं। शुरुआत में खबर सामने आई कि इस फिल्म में भी जेम्स बॉन्ड का किरदार डेनियल क्रेग ही करेंगे, पर उन्होंने इससे इंकार कर दिया। फिर सुनने में आया कि लूथर, हैड ऑफ स्टेट और थॉर जैसी फिल्मों में काम कर चुके इदरीस एल्बा को बॉन्ड का रोल ऑफर हुआ है। अब इस बारे में उन्होंने बयान जारी कर सफाई दी है। एक इवेंट के दौरान एल्बा ने भी इन अफवाहों पर विराम लगा दिया। उन्होंने कहा, 'मैं ऐसी किसी फिल्म का हिस्सा नहीं हूं। टीम युवा कलाकारों को खोज रहे हैं। मेरी तरफ से इस प्रोजेक्ट को ढेर सारी शुभकामनाएं।



# करिश्मा ने पुलिसिया अंदाज में की वापसी

**मुंबई।** अभिनेत्री करिश्मा कपूर आखिरी बार 2024 में 'मर्डर मुबारक' में नजर आई थी। एक समय अपने रोमांटिक किरदारों के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस अब 'ब्राउन' में नजर आने वाली हैं। इस वेबसीरीज का टीजर भी रिलीज हो चुका है। जिससे एक्ट्रेस के फैंस काफी खुश हैं। वेब सीरीज 'ब्रउन' में अभिनेत्री करिश्मा कपूर पुलिस अधिकारी के रूप में नजर आएंगी। टीजर के मुताबिक वह रीटा ब्राउन का किरदार निभाएंगी। जो एक ईमानदार पुलिस अधिकारी है। इसके साथ ही वह एक बहुत ही गंभीर केस की जांच कर रही है। अपने व्यक्तिगत जीवन में वह कई समस्याओं से जूझ रही है। मगर वह अपने फर्ज को शिद्दत से निभाती है। वेब सीरीज 'ब्राउन' की कहानी मुख्य रूप से उपन्यास 'सिटी ऑफ डेथ' पर आधारित है। जिसे 2016 में अभेक बरुआ ने लिखा था।



# कॉकटेल-2 का गाना तुझको रिलीज...

**मुंबई।** शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'कॉकटेल 2' का नया गाना 'तुझको' सोमवार को रिलीज कर दिया गया है। यह एक सोलफुल और भावुक रोमांटिक ट्रैक है जो रिलीज होते ही लोगों के दिलों में उतरता दिख रहा है। रश्मिका मंदाना ने गाने को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया, जिसके साथ उन्होंने लिखा, 'बहुत सारे प्यार और भावनाओं से भरा यह खूबसूरत गाना दिल को छू लेने वाला है।' उन्होंने आगे लिखा, 'मुझे यह गाना बेहद पसंद आया और उम्मीद है कि आप सभी को भी यह उतना ही पसंद आएगा।' 'कॉकटेल 2' के इस गाने में शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना की फ्रेस केमिस्ट्री देखने को मिलती है। स्क्रीन पर दोनों की केमिस्ट्री बेहद सहज, सुंदर और प्रभावशाली नजर आ रही है।

टीवी मसाला



# असली भाई थे महाभारत के नकुल और सहदेव...

**नई दिल्ली।** 'महाभारत' न केवल अपनी कहानी कहने की कला के लिए, बल्कि असल जिंदगी के भाइयों समीर चित्रे और संजीव चित्रे को नकुल और सहदेव के रूप में कास्ट करने के लिए भी जाना जाता है, जो शो में अहम किरदार थे। बीआर चोपड़ा की 'महाभारत' भारतीय टेलीविजन इतिहास के सबसे बड़े शोज में से एक है। इस शो में नकुल और सहदेव सबसे छोटे पांडव भाई थे और उन्हें बहुत करीबी दिखाया गया था। कम ही लोग जानते हैं कि इन किरदारों को निभाने वाले एक्टर समीर चित्रे (नकुल) और संजीव चित्रे (सहदेव) असल जिंदगी में भी भाई हैं। पर्दे पर उनका रिश्ता पर्दे के बाहर उनके असली रिश्ते से उपजा था, जिससे उनके सीन्स और भी अधिक सच लगते थे। संजीव ने एक बार बताया कि उनकी कास्टिंग एक सिंपल, लेकिन दिलचस्प तरीके से हुई थी। 'महाभारत' के मेकर्स ने पहले नकुल के रोल के लिए समीर चित्रे से संपर्क किया और फिर उनसे पूछा कि क्या उनके छोटे भाई को भी अभिनय में रुचि होगी। परिवार से सहमति मिलने और संजीव से मिलने के बाद, उन्होंने दोनों भाइयों को नकुल और सहदेव के रोल में कास्ट करने का फैसला किया। 'महाभारत' के बाद, समीर चित्रे ने कुछ हिंदी फिल्मों में काम किया। उन्हें आमिर खान और पूजा भट्ट की हिट फिल्म दिल है कि मानता नहीं (1991) के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाता है। वह शाहरुख खान और जूही चावला की फिल्म राजू बन गया जेंटलमैन (1992) में भी दिखाई दिए।

## बेहद फिल्मी है कांची की लव स्टोरी

**नई दिल्ली।** कांची कौल की गिनती टीवी की बेहतरीन एक्ट्रेसेस में होती है। उन्होंने अपने दमदार एक्टिंग के दम पर इंडस्ट्री में अलग जगह बनाई है। कांची तेलुगु सिनेमा की भी जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। उन्होंने कई बेहतरनी फिल्मों में काम किया है। कांची की पहली मुलाकात साल 2007 में टीवी शो भाभी के सेट पर शब्बीर से हुई थी, लेकिन उस वक्त दोनों के बीच ज्यादा बातचीत नहीं हुई। बाद में कांची की शब्बीर से पहली मुलाकात टीवी क्वीन एकता कपूर ने करवाई थी। शुरुआत दोस्ती से हुई, लेकिन धीरे-धीरे दोनों का प्यार परवान चढ़ने लगा और उन्होंने एक-दूसरे को डेट करना शुरू कर दिया। हालांकि, उन्होंने अपने रिश्ते को काफी समय तक दुनिया की नजरों से दूर ही रखा। कांची और शब्बीर ने पांच साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद शादी का फैसला लिया। उन्होंने 27 नवंबर 2011 को धूमधाम से शादी रचाई।



# जिजाबाई के किरदार को पूरी ईमानदारी से निभाना चाहती थीं

**मुंबई।** फिल्म राजा शिवाजी में भाग्यश्री, रितेश देशमुख की मां यानी राजमाता जिजाबाई का किरदार निभा रही हैं। हालांकि, दोनों कलाकारों के बीच सिर्फ 10 साल का उम्र का फर्क है, जिस वजह से सोशल मीडिया पर इस कास्टिंग को लेकर काफी चर्चा हो रही है। अब भाग्यश्री ने इस पर अपना रिएक्शन दिया है। एक इंटरव्यू में भाग्यश्री ने बताया कि इस किरदार के लिए हां कहना उनके लिए बिल्कुल भी मुश्किल नहीं था। उन्होंने कहा, 'जब आपको ऐसा किरदार निभाने का मौका मिले, जिसकी कहानियां सुनते हुए आप बड़े हुए हों, तो उसे मना करने का सवाल ही नहीं उठता। और वैसे भी जिजाऊ एक युवा मां थीं।' भाग्यश्री ने आगे बताया कि फिल्म के सिनेमैटोग्राफर संतोष सिवन ने उन्हें खास कॉम्प्लिमेंट भी दिया था। उन्होंने कहा, संतोष सिवन सर ने मुझे फोन करके कहा था, सॉरी, हमें कैमरे के जरिए आपको थोड़ा ज्यादा उम्र का दिखाना पड़ा, क्योंकि आप अब भी बहुत यंग लगती हैं। मेरे लिए यह बहुत बड़ा कॉम्प्लिमेंट है। आखिर वह महान



सिनेमैटोग्राफर हैं।'एक्ट्रेस ने साफ कहा कि उनके लिए यह किरदार निभाना किसी ऐतिहासिक और महान शख्सियत को सम्मान देने जैसा है। वह उम्र के फर्क पर ध्यान देने के बजाय राजमाता जिजाबाई के किरदार को पूरी ईमानदारी से निभाना चाहती थीं। 1 मई को रिलीज हुई 'राजा शिवाजी' में शानदार स्टारकास्ट देखने को मिल रही है। फिल्म में रितेश देशमुख छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका में नजर आ रहे हैं, जबकि संजय दत्त अफजल खान का किरदार निभा रहे हैं। अभिषेक बच्चन फिल्म में संभाजी शाहजी भोसले बने हैं और विद्या बालन खदीजा सुल्ताना की भूमिका निभा रही हैं। वहीं जेनेलिया डिसूजा सईबाई, भाग्यश्री जिजाबाई और फरदीन खान शाहजहां के रोल में दिखाई दे रहे हैं। फिल्म में महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, अमोल गुप्ते और बोमन ईरानी जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में हैं। खास बात यह है कि फिल्म में सलमान खान का स्पेशल अपीयरेंस भी देखने को मिलेगा।

# मीनाक्षी 30 साल बाद कर रहीं एक्टिंग में कमबैक कहा- चाहिए प्रभावशाली और चुनौतीपूर्ण रोल

**नई दिल्ली।** 80 और 90 के दशक के बीच सिनेमा की दुनिया की चहेती एक्ट्रेस मीनाक्षी शेषाद्री एक बार फिर से फिल्मों में वापसी की तैयारी कर रही हैं। घायल वन्स अगेन (2016) में निभाए छोटे से रोल को छोड़ दें तो मीनाक्षी बरसों से फिल्मों की दुनिया से दूर रह रही हैं। हालांकि, अब वो एक्टिंग में वापसी को लेकर काफी सीरियस नजर आ रही हैं। मीनाक्षी ने हाल ही में फैन्स के साथ एक भावुक संदेश शेयर किया है और बताया है कि वह फिल्मों और ओटीटी प्रोजेक्ट्स में नए अवसरों की तलाश में हैं। हिंदी सिनेमा की नामी अदाकारा मीनाक्षी शेषाद्रि अभिनय की दुनिया में एक बार फिर से कदम रखने जा रही हैं। सोमवार को उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए न सिर्फ



अपने फैंस का शुक्रिया अदा किया, बल्कि फिल्म मेकर्स के सामने काम करने की इच्छा भी जाहिर की। उन्होंने कहा, 'आप सभी के प्यार, हौसले और लगातार मिल रहे सपोर्ट के लिए तहेदिल से धन्यवाद देती हूं। 30 साल लंबे सफर के बाद मैं अपनी कर्मभूमि मुंबई वापस आ गई हूं। एक बार फिर, पूरी उम्मीद है कि जुनून और पॉजिटिव सोच के साथ मैं मनोरंजन की दुनिया में कदम रख रही हूं।' एक्ट्रेस ने बातचीत में ये भी साफ किया कि वे अब अच्छे और अर्थपूर्ण काम के अवसरों का इंतजार कर रही हैं। किरदारों को लेकर अपनी पसंद बताते हुए उन्होंने कहा, 'चाहे लीड रोल हो या सपोर्टिंग रोल या फिर कोई छोटा सा रोल, मेरे लिए सबसे जरूरी यह है कि वह प्रभावशाली हो। फिल्में हों या ओटीटी शो, मैं ऐसे किरदार निभाना चाहती हूं जो मुझे एक कलाकार के रूप में चुनौती दें।' बता दें कि मीनाक्षी शेषाद्रि अपने पति हरीश मैसूर के साथ लंबे समय से अमेरिका के डलास (टेक्सास) में रह रही हैं। वहां उनका अपना घर भी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब तक मीनाक्षी अमेरिका में अपना खुद का डांस स्कूल भी चला रही थीं।

## जॉली एलएलबी 3 से कजिंस एंड कल्याणम्स तक

# इस वीक ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। नया वीक शुरू हो गया है। गर्मियां अपना प्रचंड रूप दिखा रही हैं। गर्मी का भयंकर रूप देख अगर कहीं बाहर घूमने का प्लान नहीं बना पा रहे और घर बैठे कुछ बढ़िया सिनेमा देखने को मन है, तो इस वीक कई अच्छे ऑप्शन हैं। इस सप्ताह ओटीटी के पिटारे में दिलचस्प फिल्में और सीरीज हैं।*

**ब्रदर्स एंड सिस्टर्स** : यह एक तमिल फैमिली ड्रामा सीरीज है। इस शो में बोस वेंकट और गायत्री शास्त्री मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह सस्पेंस ड्रामा सीरीज है, जो मजेदार पारिवारिक पृष्ठभूमि के ईर्द-गिर्द बनी है। यह सीरीज 27 मई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

**जॉली एल एल बी 3** : अक्षय कुमार और अरशद वारसी अभिनीत इस कॉमेडी फिल्म की ओटीटी रिलीज का दर्शक काफी वक्त से इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्म साल 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हालांकि, इसके बाद यह ओटीटी पर भी रिलीज हुई। मगर, अब नया अपडेट यह है कि इस फिल्म को एक नया ओटीटी प्लेटफॉर्म मिल गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दर्शक 29 मई से इस फिल्म को जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

**कजिंस एंड कल्याणम्स** : यह एक मलयालम रोमांटिक-कॉमेडी वेब सीरीज है। इसके 50 से अधिक एपिसोड्स हैं, जो केरल में छह चचेरे भाई-बहनों की 26 साल की यात्रा और सात शादियों की कहानी पर आधारित हैं। प्रिया प्रकाश वारियर और रोशन अब्दुल राहुफ इस सीरीज में मुख्य भूमिकाओं में हैं। इनके अलावा जुनैस, नंदना वर्मा और सुबिन टार्जन भी सीरीज का हिस्सा हैं। इसे दर्शक 29 मई से जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।




**स्पाइडर नोयर सीजन 1**

हॉलीवुड स्टार निकोलस केज की सीरीज 'स्पाइडर नोयर' के पहले सीजन का प्रीमियर भी इस वीक होगा। आठ एपिसोड वाली मार्वल सीरीज में निकोलस केज मुख्य भूमिका में हैं, जो 1930 के दशक के न्यूयॉर्क में एक प्राइवेट डिटेक्टिव बने पुराने सुपरहीरो की कहानी है। यह एक्शन सीरीज 27 मई से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

**जेटली** : तेलुगु कॉमेडी थ्रिलर फिल्म 'जेटली' 25 मई को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हो गई है। इसकी कहानी प्रजापति (अजय) से शुरू होती है, जो एक ठग और बैंक का संस्थापक है। वह ग्राहकों के पैसे का गबन करके दुबई भाग जाता है। इसमें सत्या, रिया सिंघा, वेन्नेला किशोर और अजय ने अभिनय किया है।

**कारा** : धनुष और ममिता बैजू की अदाकारी वाली फिल्म 'कारा' 28 मई को ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। यह तमिल फिल्म 1991 में खाड़ी युद्ध के दौरान हुए ईंधन संकट की पृष्ठभूमि पर आधारित है। कहानी करसामी (धनुष) नाम के एक सुधरे हुए चोर के इर्द-गिर्द घूमती है। उसे तब अपने आपराधिक अतीत में वापस लौटना पड़ता है, जब एक बेरहम बैंक मैनेजर और एक भ्रष्ट डीएसपी मिलकर उसके परिवार की पुश्तैनी जमीन पर जबरदस्ती कब्जा कर लेते हैं।

## खबर संक्षेप

### यात्री सुविधा विस्तार के लिए 50 लाख स्वीकृत

**सारंगढ़।** उप मुख्यमंत्री सह नगरीय प्रशासन विकास मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सारंगढ़ नगरपालिका परिषद के बस स्टैंड में यात्री सुविधाओं के विस्तार के लिए 50 लाख रुपए स्वीकृत किया है। विभाग ने इसकी मंजूरी का आदेश जारी कर चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्रावधानों के अनुरूप अधोसंरचना मद से यह राशि मंजूर की है।

### भिखमपुरा में आज होगा सुशासन तिहार शिविर

**सारंगढ़।** सीएम साय के निर्देशानुसार प्रदेशभर में सुशासन तिहार के तहत जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 27 मई को जिले के बरमकेला जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत भिखमपुरा गौशाला परिसर प्रांगण में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में कुल 19 ग्राम पंचायत गांवों के ग्रामीण शामिल होकर अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। इनमे ग्राम मानिकपुर, छेवारीपाली, साल्हेओना, बरगांव, बिलाईगढ़ अ कटंगपाली अ, बोन्दा, नौघटा, पिहरा, भिखमपुरा, लिप्ती, पंचधार, नदीगांव, गोबरसिंहा, सुखापाली, कण्डोला, गिरहुलपाली, मारोदरहाए बडे आमाकोनी शामिल है। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने शिविरों के सुचारू संचालन के लिए नोडल एवं विभागीय अधिकारियों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं। सुशासन तिहार के अंतर्गत नागरिक लिखित रूप में अपने आवेदन शिविरों में प्रस्तुत करेंगे, जिनका मौके पर निराकरण किया जाएगा। शिविरों के माध्यम से शासन और प्रशासन आमजन तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं।

## निधन...

### निराकार पटेल

**रायगढ़।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रायगढ़ जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अत्यंत ही सहज सरल व्यक्तित्व के धनी, शहीद नंदकुमार पटेल के बेहद ही करीबी, ग्राम धनागर निवासी



निराकार पटेल का 26 मई मंगलवार को दोपहर में निधन हो गया। 67 वर्षीय निराकार पटेल पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। स्व. निराकार पटेल अपने पिछे पुत्र पदमनारायण भाई प्रभुलाल सहित पत्नी व पुत्री नाती पोतों से भरा पुरा परिवार छोड़ गए। निराकार पटेल के निधन से कांग्रेस परिवार य अखिल भारतीय अघरिया समाज, उनके जिपं क्षेत्र, ग्राम धनागर एवं अंचल सहित पूरा रायगढ़ जिला में शोक की लहर व्याप्त है। स्व. निराकार पटेल के निधन का समाचार जानकर खरसिया विधायक एवं पूर्व मंत्री उमेश पटेल उनके गृह निवास पहुंच कर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किये वहीं उनके अंतिम संस्कार अवसर पर ग्राम धनागर में प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधि गणमान्य सामाजिक पदाधिकारी स्थानीय जन एवं उनके पारिवारिक इष्ट मित्र सहित भारी संख्या में स्वजन उपस्थित होकर नम आखों से उन्हे अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

**न्यायालय तहसीलदार लैलूंगा, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक /क/ वाचक/2026
लैलूंगा दिनांक 21.05.2026
रा.प्र.क्र 202602041000009/अ-6/2026
साकिन- रूडूकेला

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण/202604040900096/अ-6/2026 में आवेदक सूरज निगांनिया आ. पवन कुमार निंगानिया जाति अग्रवाल निवासी लैलूंगा तहसील लैलूंगा जिला-रायगढ़ (छ.ग.) प.ह.नं. 10 में स्थित ख.नं. 140 कुल ख.नं. 03 कुल रकबा 2.178 हे. भूमि दिनांक 08.08.2024 को रजिस्टर्ड दान पत्र के माध्यम से प्राप्त किया है। उक्त ख.नं. को आवेदक अपने नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र सहित, बी-1 की छायाप्रति, रजिस्टर्ड दान पत्र, प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई उजर / आपत्ति हो तो वह स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 28.05.2026 के पूर्व प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नही होगा।

आज दिनांक 21.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार, लैलूंगा

## कलेक्टर द्वारा एग्रीस्टेक में शेष कृषकों का शीघ्र पंजीयन पूर्ण करने के निर्देश

# कृषि विभाग की समीक्षा, किसानों को खाद-बीज उपलब्ध कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

**खास बात**
- रासायनिक खाद का अधिक दर पर विक्रय करने वालों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू की अध्यक्षता में सोमवार को कृषि विभाग की समीक्षा बैठक हुई। कलेक्टर द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांर्गत एग्रीस्टेक में पंजीयन हेतु शेष बचे कृषकों का एक सप्ताह के अंदर शतप्रतिशत पंजीयन पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। खरीफ 2025 में धान बेचने वाले ऐसे कृषक जिनका एग्रीस्टेक में पंजीयन नही हुआ था उन कृषकों का 15 जून तक फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। कृषक 15 जून तक फार्मर रजिस्ट्री नही कराते है तो खरीफ 2026 में सहकारी समिति में धान विक्रय से वंचित हो जाएगे। साथ ही शासन की विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं से लाभ मिलना बंद हो जाएगा।



बैठक में कृषि विभाग की समीक्षा करती कलेक्टर।

बैठक में कलेक्टर ने रासायनिक खाद विक्रय पर किसी भी प्रकार के अनियमितता या अधिक दर पर विक्रय किए जाने पर कठोर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव के द्वारा सभी उर्वरक विक्रेताओं को खरीफ 2026 में सभी वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने एवं कृषकों को पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिला में निगरानी समिति का गठन कर उर्वरकों की बिक्री पर कड़ी नजर रखते हुए उर्वरकों के अवैध भंडारण, जमाखोरी, कालाबाजारी, अधिक दर आदि के संबंध में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की जा रही हैं। अभी तक जिले में 44 विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया जा चुका है, जिसमे से 7 उर्वरक विक्रेताओं का प्राधिकार पत्र निलंबन की कार्यवाही की गयी है तथा 26 विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया हैं। वर्तमान में जिले के सहकारी समितियों में रासायनिक खाद 17345 एमटी एवं बीज 10140 क्विंटल भण्डारण किया गया है। साथ ही जिले के समस्त किसानों को खाद एवं बीज का तत्काल उठाव करने के लिए सलाह दिया गया है।



## जिले के 18 चार्ज में मकान सूचीकरण का काम पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत 1 मई से 30 मई तक संचालित मकान सूचीकरण कार्य में रायगढ़ जिले ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। जिले के सभी 18 चार्ज अंतर्गत 2100 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक एचएलबी में मकान सूचीकरण का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी के निर्देशन में जिले के सभी चार्ज अधिकारियों, सुपरवाइजरों, प्रगणकों एवं जनगणना कार्य से जुड़े कर्मचारियों द्वारा यह कार्य सफलतापूर्वक संपादित किया गया। मकान सूचीकरण अभियान के तहत जिले के समस्त वार्डों एवं मोहल्लों में घर घर पहुंचकर मकानों, परिवारों तथा उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं से संबंधित जानकारी का सर्वेक्षण एवं संकलन किया गया।

इस प्रक्रिया का उद्देश्य क्षेत्र की अद्यतन एवं प्रमाणिक जानकारी तैयार करना है, जिससे आगामी जनगणना कार्यों को सुव्यवस्थित ढंग से संपादित किया जा सके। जिला प्रशासन ने बताया कि नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा निर्धारित समय सीमा में गंभीरता, जिम्मेदारी एवं तत्परता के साथ कार्य किया गया। प्रशासन ने जनगणना कार्य में आम नागरिकों द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है। प्रशासन के अनुसार वर्तमान में सभी चार्ज में संकलित सत्यापन कार्य प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों द्वारा अपने अपने एचएलबी में किया जा रहा है।

## गढ़उमरिया में राहगीरों पर तलवार से जानलेवा हमला, पुसौर क्षेत्र में दहशत

**पुसौर।** बीते रविवार की रात करीब 9 बजे पुसौर के 3 लोगों को अज्ञात हमलावरों ने तलवार से वार करते हुए जख्मी कीने करने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक पुसौर के रमेश गौंटिया का पुत्र किसलय अपने जीजा रोहित भोई को रायगढ़ छोड़ने अपने साथी अवधुत सरल के साथ जा रहा था। इसी दौरान गढ़उमरिया के आनंद डीपा के पास उन्होंने अपनी बाइक रोकी। इतने में अज्ञात 3 लोग वहां पहुंचे और बोले कि ये हमारा इलाका है तुम्हें मालूम नहीं है।

इस बीच उसमें से एक ने तलवार निकाल कर किसलय के सिर में वार कर दिया। वहीं बचाव के लिए आए रोहित भोई के सिर में भी वार किया और अवधुत सरल को भी वार किया। किसलय के मोबाइल को हमलावरों ने छीन लिया और उसके पेट में तलवार से वार किया। हालांकि तलवार उसका कपड़ा फाडते हुए निकल गया। इन हमलावरों से किसी तरह छुड़ाकर तीनों इधर उधर भागे जिसमें से अवधुत खेत के रास्ते से भागा वहीं किसलय और रोहित रोड किनारे में रहे एक घर में दरवाजा पीटा और वहां पनाह ली। बताया कि यहां इस तरह के वारदात होते रहे हैं इसलिए हम चिंतित है। यहां पहुंचकर किसलय ने अपने पिता रमेश गौटिया को सूचना देने पर वे पालु गुप्ता के साथ घटना स्थल पर पहुंचे जहां से सर्वप्रथम पुसौर आकर थाने में इसकी सूचना दी और इलाज कराया। किसलय के सिर में 12 और रोहित के सिर में 10 टांके लगे है। अवधुत को भी गहरी चोट लगने से उसका मरहम पट्टी किया गया। रायगढ़ जिला चिकित्सालय में सघन इलाज के लिए पहुंचे।



**शांत फिजा में दहशत घोलने की कोशिश**

पुसौर क्षेत्र में इस तरह की अप्रत्याशित घटना को लेकर लोग दहशत में हैं। जबकि इसके पूर्व पुसौर से रायगढ़, बरगढ़, चद्रपुर आने जाने में कोई समय सीमा नहीं थी और लोग बेधड़क जाना आना करते थे, लेकिन इस घटना से लोग दहशत में हैं जिससे उनकी आजीविका भी प्रभावित हो रही है। ये घटना प्रदेश सरकार के चलाए जा रहे सुशासन तिहार के बीच हुआ है जिसका अर्थ यह लगाया जा सकता है सरकार लोगों को सुरक्षा दिलाने में नाकाम रही है। पिछले 20 साल के इतिहास में देखा जाए तो पुसौर क्षेत्र में इस तरह के वारदात कहीं नहीं हुए हैं। उक्त घटना को हल्के में लेना न ही शासन के लिए उचित है न हीं आम जनता के लिए। चूंकि इसमें एक सुरक्षा का सवाल जुडा है जिससे निजात पाना सबके लिए जरूरी है।

## नारायणपुर में आयोजित शिविर में ग्रामीणों को मिला शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप सुशासन तिहार के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा लैलूंगा विकासखंड के ग्राम नारायणपुर स्थित हाई स्कूल प्रांगण में सोमवार को शाम 4 बजे से 7 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के कुल 12 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

शिविर में शासन की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया गया तथा ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जहां ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं एवं आवेदन प्रस्तुत किए। विभागीय अधिकारियों द्वारा कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा पात्र हितग्राहियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने कहा कि एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं और योजनाओं का लाभ मिलना उनके लिए बेहद सुविधाजनक रहा।




शिविर में पहुंचे जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक सिदार ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गांव, गरीब, किसान और जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार केवल एक शिविर नहीं बल्कि शासन और जनता के बीच विश्वास का मजबूत सेतु है। उपाध्यक्ष सिदार ने कहा कि पहले लोगों को छोटी छोटी समस्याओं के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन अब सरकार स्वयं गांवों तक पहुंचकर समस्याओं का समाधान कर रही है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि आमजन की समस्याओं को पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनें तथा समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा बच्चों की शिक्षा, महिला स्वावलंबन और आजीविका से जुड़ी योजनाओं में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील भी की। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति भगत, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शांता भगत, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती सौभागी गुप्ता, श्रीमती शशिकला यादव, सरपंच नारायणपुर श्रीमती निराली खेस सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**शिविर में हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ**

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। इनमें एनआरएलएम अंतर्गत 2 लखपति दीदी का सम्मान किया गया तथा 1 बैंक लिंकेज चेक वितरित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 5 हितग्राहियों को नए आवास की प्रतिकात्मक चॉबी सौंपी गई। इसके अलावा 5 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 5 हितग्राहियों को आजीविका डबरी, उद्यानिकी विभाग द्वारा 11 फलदार पौधों का वितरण, श्रम विभाग द्वारा 2 श्रम कार्ड, 3 वृद्धजनों को छड़ी, आदिम जाति सेवा समिति मर्यादित लिबरा के माध्यम से 2 हितग्राहियों को केसीसी लोन तथा मत्स्य विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को जाल एवं आइस बॉक्स प्रदान किया गया।

## कलेक्टर ने बताया विजन बिना रुकावट होंगे विकास

**घौठला बड़े।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ की नव पदस्थ कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने मंगलवार को मीडिया से चर्चा किया। इस दौरान उन्होंने सारंगढ-बिलाईगढ़ जिले के विकास को लेकर अपना विजन बताया। इसके पहले उन्होंने अपना संक्षिप्त परिचय देते हुए उपस्थित सभी पत्रकारों का स्वागत किया।

प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने विभिन्न विषयों पर पत्रकारों से चर्चा की तथा जिले में चल रहे विकास कार्यों के संबंध में उनकी राय और सुझाव भी मांगे। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभागों में आवश्यकतानुसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति की जा रही है, जिससे सभी कार्य बिना किसी रुकावट के सुचारू रूप से संचालित हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि नवगठित जिले के विकास में किसी प्रकार की बाधा न आए इसके लिए प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। इस प्रकार प्रेस वार्ता में जिले के विकास, प्रशासनिक व्यवस्थाओं और भविष्य की योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

## आदिवासियों पर घड़ियाली आंसू बहाना बंद करे कांग्रेस: सिदार

**रायगढ़।** जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक सिदार ने कांग्रेस महामंत्री दीपक मंडल द्वारा सांसद राधेश्याम राठिया पर लगाए गए आरोपों को तथ्यहीन और राजनीति से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि जो कांग्रेस 70 साल में आदिवासियों को मुख्यमंत्री तक नहीं दे पाई वो आज जल जंगल जमीन की बात किस आधार पर कर रही है।

देश की जनता यह समझ चुकी है कि भोले भाले आदिवासियों को नेतृत्व देने का काम भाजपा ने किया हैं। आदिवासियों के हितों को लेकर कांग्रेस सदा मौनी बाबा बनी रही। जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने कहा कि सांसद राठिया पर मौन का आरोप लगा रहे हैं, पर सच्चाई ये है कि कांग्रेस के 5 साल में बस्तर सिल्गेर में आदिवासियों पर गोलियां चलीं तब कांग्रेस कहां थी। आज विष्णुदेव साय सरकार में हर प्रभावित

जल जंगल जमीन की असली लड़ाई भाजपा लड़ रही, कांग्रेस ने 70 साल सिर्फ वोट लूटे



गांव में संवाद हो रहा है। सांसद राठिया खुद जमीन पर उतर कर लोगो से संवाद कर रहे हैं। सिदार ने कांग्रेस से पूछा। और ग्राम सभा की ताकत किसने दी मंडल की बात कर रहे हैं। उन्हें याद दिला दें। कानून 1996 में बनाए पर कांग्रेस ने 20 साल तक नियम नहीं बनाए।



## चूनापत्थर अवैध परिवहन करते हाइवा जब्त

**सारंगढ़।** खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के रोकथाम हेतु खनिज टीम द्वारा सोमवार को तहसील बरमकेला क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौण खनिज चूनापत्थर के अवैध परिवहन करते हुए हाईवा क्रमांक सीजी-13-एआर- 6626 पर कार्रवाई करते हुए थाना बरमकेला के सुरक्षार्थ में दिया गया। कलेक्टर के निर्देश पर खनि अधिनियम के तहत यह कार्यवाही की गई।

## बस्तर के सेवा दंपती डॉ. गोडबोले को मिला पद्मश्री, वित्त मंत्री ने दी बधाई

- जहां सड़कें नहीं पहुंचीं, वहां गोडबोले दंपति ने उम्मीद और उपचार पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बस्तर के नक्सल प्रभावित आदिवासी अंचलों में 40 वर्षों से अधिक समय तक निस्वार्थ स्वास्थ्य सेवा देने वाले डॉ. रामचंद्र गोडबोले और श्रीमती सुनीता गोडबोले को पद्मश्री 2026 सम्मान मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

ओपी चौधरी ने इस दम्पति द्वारा की गई सेवा को बस्तर की आत्मा को छूने वाली सेवा निरूपित करते हुए कहा डॉ. गोडबोले दंपति ने वह कर दिखाया जो सरकारें दशकों में नहीं कर पाईं। जहां स्वास्थ्य सुविधाएं नाममात्र थीं, जहां पहुंचना जोखिम भरा था, वहां इन्होंने अपना घर परिवार छोड़कर आदिवासी भाइयों बहनों की सेवा को जीवन का ध्येय बना लिया। यह पद्मश्री नहीं बस्तर की लाखों दुआओं का सम्मान है। इस दंपति की सेवा का इतिहास बताते हुए कहा यह सेवा यात्रा अबूझमाड़ से शुरू हुई।



1980 के दशक में महाराष्ट्र से आए डॉ. रामचंद्र गोडबोले और सुनीता गोडबोले ने नारायणपुर जिले के रामकृष्ण मिशन आश्रम, अबूझमाड़ से सेवा शुरू की बाद में इन्होंने शबरी सेवा संस्थान के माध्यम से दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा के सबसे दुर्गम गांवों में स्वास्थ्य शिविर, कुपोषण उन्मूलन केंद्र और मातृ शिशु देखभाल कार्यक्रम चलाए। कुपोषण के खिलाफ जंग का योद्धा बताते हुए श्री चौधरी ने कहा बस्तर में कुपोषण दर राष्ट्रीय औसत से दोगुनी थी।गोडबोले दंपति ने घर-घर पोषण, हर बच्चा रोशन अभियान चलाकर हजारों बच्चों को कुपोषण से बाहर निकाला। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध महुआ, कोदो कुटकी से पोषण आहार तैयार कर माताओं को प्रशिक्षित किया। आज उनके मॉडल को राज्य सरकार ने भी अपनाया है।

## पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन से मिले महेश

**रायगढ़।** खरसिया विधानसभा क्षेत्र के नेता महेश साहू रायपुर स्थित निवास पर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात कर उनका



कुशलक्षेम जाना। हाल ही में स्वास्थ्य लाभ एवं उपचार के बाद रायपुर लौटने पर उन्होंने डॉ. रमन सिंह के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की। मुलाकात के दौरान छाया विधायक महेश साहू ने डॉ. रमन सिंह के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। यह मुलाकात आत्मीय और सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई, जहां दोनों नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण चर्चा भी हुई। महेश साहू ने कहा किए डा. रमन सिंह हम सभी कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक और अभिभावक हैं। उनका स्वस्थ होकर वापस लौटना पूरे प्रदेश और हम सभी के लिए खुशी की बात है। ईश्वर से प्रार्थना है कि वे सदैव स्वस्थ और ऊर्जावान रहकर समाज और प्रदेश को अपना मार्गदर्शन देते रहें।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
स्पेशल ट्रेन से - 31 अगस्त से 14 सितम्बर 2026 (15 दिन)
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
14 सितम्बर, 26 सितम्बर,
10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त